# औद्योगिक इकाइयों की स्थिति की समीक्षा

## दिव्यांग एवं कल्याणी विवाह योजना में पन्ना और निवाड़ी में अपेक्षित कार्य नहीं, कमिश्नर ने व्यक्त की कड़ी नाराजगी

नवभारत न्यूज

**सागर 3 जून. कमिश्नरअनिल सुचारी ने संभाग की सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में शत-प्रतिशत सीटों पर प्रवेश दिलाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं.**

कमिश्नर ने कहा है कि सागर संभाग की सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में छात्र-छात्राओं को शत-प्रतिशत सीटों पर प्रवेश दिलाना सुनिश्चित करें तथा छात्र-छात्राओं को गुणवत्तायुक्त प्रशिक्षण दिलाएं. कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि सागर संभाग के टीकमगढ़ और निवाड़ी जिले में प्रवेश हेतु पंजीयन कम है. उन्होंने निर्देश दिए कि औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्रों में प्रवेश के लिए सतत रूप से प्रयास किए जाएं. कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं की विभिन्न कार्यकारी समितियों की बैठकें भी समय-समय पर कराएं तथा बैठकों में लिए गए निर्णयों का क्रियान्वयन भी सुनिश्चित कराएं.



कमिश्नर सागर संभाग ने उक्त निर्देश औद्योगिक विभाग, उद्योग विभाग, सामाजिक न्याय विभाग एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं की संयुक्त समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए. बैठक में मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की जिलेवार समीक्षा की.

कमिश्नर ने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के क्रियान्वयन में सागर संभाग के पन्ना जिले में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है. उन्होंने निर्देश दिए कि इस योजना का क्रियान्वयन सागर संभाग के सभी जिलों में करें तथा योजना का लाभ जरूरतमंद हितग्राहियों को दिलाएं. कमिश्नर ने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि सागर संभाग के सभी जिलों में परिणामी और परिणाममूलक क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए. बैठक में कमिश्नर ने सागर संभाग के औद्योगिकीकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी समीक्षा की गई तथा निर्देशित किया गया कि सागर संभाग में औद्योगिकीकरण का वातावरण तैयार किया जाए. औद्योगिक इकाइयों को सहजता से भूमि आवंटित किया जाए एवं अन्य सुविधाएं भी मुहैया कराई जाएं. कमिश्नर ने सागर संभाग के विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न औद्योगिक समूहों द्वारा स्थापित किए जा रहे उद्योगों की भी समीक्षा की. बैठक में सामाजिक न्याय विभाग द्वारा संचालित दिव्यांग विवाह एवं कल्याणी विवाह योजनाओं की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि सागर संभाग के पन्ना और निवाड़ी जिलों में दिव्यांग विवाह एवं कल्याणी विवाह योजना के क्रियान्वयन में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है. उन्होंने निर्देश दिए कि सागर संभाग के अन्य जिलों के समान ही पन्ना और निवाड़ी जिले में दिव्यांग एवं कल्याणी विवाह योजना का लाभ जरूरतमंद लोगों को दिलाया जाए. ग्रामीण क्षेत्रों में दिव्यांग एवं कल्याणी विवाह योजना के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी मुहैया कराई जाए.

# मंत्रोच्चार के बीच सीखे प्राणायाम और आसन

नवभारत न्यूज

**सागर 3 जून. विश्व योग दिवस की पूर्व तैयारियों के अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, के तत्वाधान में 20 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ।**

कॉलेज परिसर में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. सरोज गुप्ता एवं पतंजलि योग समितिके राज्य प्रभारी योगाचार्य भगत सिंह द्वारा शिविर की शुरुआत की गई. इस अवसर पर विद्यार्थियों को नियमित योगाभ्यास के जरिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प दिलाया गया. प्राचार्य प्रो. सरोज गुप्ता ने कहा कि योग महज एक शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और जीवन प्रबंधन की एक संपूर्ण वैज्ञानिक पद्धति है। आज के



तनावपूर्ण और प्रतिस्पर्धी युग में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, मानसिक एकाग्रता, अनुशासन तथा सकारात्मक सोच के निर्माण में योग की भूमिका संजीवनी की तरह है। उन्होंने बताया कि इस 20 दिवसीय शिविर का मुख्य उद्देश्य योग को छात्र-छात्राओं की दैनिक दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाना है। शिविर में पंजीकृत विद्यार्थियों की रोजाना उपस्थिति दर्ज की जाएगी और प्रशिक्षण पूरा करने वाले प्रतिभागियों को कॉलेज की ओर से प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। मुख्य प्रशिक्षक योगाचार्य भगत सिंह ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की वह अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा में अद्भुत समन्वय स्थापित करती है उन्होंने आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित 56 मिनट के योग प्रोटोकॉल के तहत सूक्ष्म व्यायाम, ग्रीवा-स्कंध संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, वज्रासन, भुजंगासन और सेतुबंधासन आसनों का अभ्यास कराया.

# दो नई सड़कों की मिली सौगात

नवभारत न्यूज

**सागर 3 जून. भारत सरकार द्वारा पीएम जनमन बैच के अंतर्गत सागर लोकसभा क्षेत्र को बड़ी सौगात मिली है.**

केंद्र सरकार ने क्षेत्र में लगभग 4.47 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से दो सड़क निर्माण कार्यो को स्वीकृति प्रदान की है. इन सड़कों की कुल लंबाई 6.90 किलोमीटर होगी, जिससे दो बसावटों को बेहतर सड़क संपर्क सुविधा प्राप्त होगी. योजना का मुख्य उद्देश्य दुर्गम और दूरस्थ क्षेत्रों में निवास करने वाले विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूहों (पीवीटीजी) तक शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है. इसके तहत यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि स्वीकृत कार्यों का क्रियान्वयन गंभीरता और पारदर्शिता के साथ हो तथा निर्माण कार्य तेजी से धरातल पर पूर्ण किए जाएं. माना जा रहा है कि इन सड़कों के निर्माण से पीवीटीजी आबादी की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में बड़ा परिवर्तन आएगा और उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में सहायता मिलेगी. पहल प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प के अनुरूप मानी जा रही है.

## त्वरित कार्रवाई

**शाहगढ़** कलेक्टर के निर्देशों के तहत प्रशासन द्वारा तत्काल कार्यवाही की जा रही है. शाहगढ़ स्थानीय निवासी आवेदिका माया ने जनसुनवाई में रास्ता विवाद एवं कब्जे संबंधी शिकायत प्रस्तुत की थी. प्रकरण के संज्ञान में आते ही कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा एसडीएम शाहगढ़ नवीन सिंह ठाकुर को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए. एसडीएम ने राजस्व टीम के साथ विवादित स्थल का मौका निरीक्षण किया. उन्होंने पक्षों को सुना और राजस्व अभिलेखों के आधार पर वस्तुस्थिति का परीक्षण किया. संबंधितों को निर्देश दिए गए.

# कलेक्टर ने किया सीएचसी का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**खुरई 3 जून. कलेक्टर प्रतिभा पाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ( सीएचसी ) मालथौन का निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया.**

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीएचसी में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, उपचार व्यवस्था तथा मरीजों को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी बीएमओ एवं मरीजों से चर्चा कर प्राप्त की. कलेक्टर ने ओपीडी का निरीक्षण करते हुए मरीजों से उपचार और उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली. इस



दौरान उन्होंने ओपीडी में प्रतिदिन आने वाले मरीजों की संख्या के बारे में भी जानकारी प्राप्त की, जो आज लगभग 150 पाई गई. निरीक्षण के दौरान श्रीमती पाल ने पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) का भी निरीक्षण किया. यहां उन्होंने भर्ती बच्चों की माताओं से संवाद कर बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और विकास के लिए संतुलित एवं पोषणयुक्त आहार के महत्व पर जोर दिया. उन्होंने माताओं को बच्चों के खानपान, स्वच्छता और नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी.

# जागरुकता कैंप आयोजित

नवभारत न्यूज

**सागर 3 जून. शासकीय महाविद्यालय मकरोनिया बुजुर्ग में विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना की जानकारी प्रदान करने एवं योजना के प्रति जागरूक करने हेतु जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया.**

प्राचार्य डॉ. ए. सी. जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना युवाओं को व्यावहारिक अनुभव, कौशल विकास एवं रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है. उन्होंने विद्यार्थियों से योजना में अधिक से अधिक सहभागिता करने का आह्वान किया. प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के महाविद्यालय प्रभारी डॉ. डी. एन. नामदेव ने विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के बारे में जानकारी देते हुए इस योजना में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को कैंप के दौरान योजना की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज एवं ऑनलाइन पंजीयन संबंधी जानकारी विस्तार से दी गई. साथ ही विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया. डॉ. ऋतु विश्वकर्मा द्वारा जल संरक्षण संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया.

# राशन कालाबाजारी को लेकर सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सागर 3 जून. नरयावली विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में जलसंकट,आमजनों व किसानों की विभिन्न बुनियादी समस्याओं तथा विभिन्न निर्माण कार्यों में बरती गई अनियमित्ताओं व हुए भ्रष्टाचार और राशन कालाबाजारी लेकर कांग्रेसजनों ने ज्ञापन सौंपा.**

ब्लॉक युवा कांग्रेस सागर ग्रामीण के तत्वाधान में पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी की अगवाई में कलेक्ट्रेट में आयोजित जन सुनवाई में पहुंचकर जिला कलेक्टर के नाम संबोधित ज्ञापन एस.डी.एम अमन मिश्रा को सौंपा. श्री चौधरी ने कहा



कि नरयावली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भैंसा पहाड़ी,कपूरिया, बड़कुआ,खड़ेरा,गिदवानी आदि अनेक ग्रामों के लोग भीषण जल समस्या से जूझ रहे हैं और पीने के पानी के लिए दूसरे ग्रामों में जाने व खरीद कर पानी पीने को मजबूर है. विभिन्न ग्राम पंचायतों में अनेकों निर्माण कार्य महज कागजों पर ही किये गये हैं साथ ही जो कार्य मौके पर हुए हैं.

पूर्व मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि ग्राम भैंसा की राशन दुकानदार नें अनेकों ग्रामीणों से तीन-तीन महीने के राशन का अंगूठा लगवाकर उनका राशन निकल गया है किंतु ग्रामीणों को राशन का वितरण नहीं हुआ है.

# वाहन का पंजीयन किया निरस्त

नवभारत न्यूज

**सागर 3 जून. क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा 02 यात्री बस जो कि 15 वर्ष से अधिक पुरानी होने के कारण यात्रियों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए उक्त वाहन का पंजीयन निरस्त किया गया है एवं उक्त यात्री बस को स्क्रेप करने का आदेश जारी किया है.**

साथ ही प्रभारी अधिकारी, संभागीय सुरक्षा जांच दल, संभाग सागर द्वारा शहरी क्षेत्र, बहेरिया तिराहा एवं आरटीओ कार्यालय के समीप यात्री बसों की जांच विशेष अभियान चलाया. उक्त कार्यवाही स्लीपर कोच यात्री बसों में एआईएस-119 के प्रावधानों के अनुसार निम्नलिखित सुरक्षा संबंधी उपायों की जांच की गई. फायर डिटेक्शन एवं सप्रेशन स्सिटम लगा होना, आगम एवं निर्गम के लिए पृथक-पृथक दो दरवाजें हो, चार इमरजेंसी एक्जिट होना आवश्यक है. एक इमरजेंसी एक्जिट ड्रायवर साईड में पीछे की ओर, एक इमरजेंसी एक्जिट गाड़ी के सबसे पीछे बीचों बीच तथा दो इमरजेंसी एक्जिट वाहन की छत पर आगे ओर पीछे की ओर होगे प्रत्येक इमजेंसी गेट 58 सेंटीमीटर 90 सेंटीमीटर का हो. अग्नि सुरक्षा हेतु 10 किग्रा के दो अग्निशमन यंत्र संपूर्ण यात्री बस में होगें.

# पेंशनर्स एसोसिएशन जल सत्याग्रह करेगा

नवभारत न्यूज

**सागर 3 जून. पेंशनर्स जिला की मासिक बैठक पुरानी कलेक्ट्रेट परिसर स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर प्रांगण में हुई.**

जिसमें पेंशनर्स की लंबित 13 सूत्रीय मांगों पर सरकार की उदासीनता से आक्रोशित पेंशनर्स आगामी माह 2 जुलाई को चकराघाट तालाब में जल सत्यागृह करने का निर्णय लिया गया है. प्रांतीय महामंत्री/अध्यक्ष हरिओम पाण्डेय ने बताया कि पिछले दिनो वित्त मंत्री से हुई चर्चा के बाद जो प्रस्ताव बनाए गए थे उस पर अग्रिम कार्यवाही रूकी हुई है साथ ही हमारा 2 प्रतिशत



मंहगाई भत्ता जो कि जनवरी 2026 से देय है उस पर भी सरकार ने कोई निर्णय नहीं लिया है. संभागीय अध्यक्ष बृजबिहारी उपाध्याय ने बताया कि सरकारों के महालेखाकार द्वारा मिलान कर राशि के समायोजन का प्रावधान किया है. बैठक को सुदामा प्रसाद रैकवार, बीडी साहू, रघुनंदन तिवारी, मुन्नालाल सेन, हरिनारायण खरे, एके अग्रवाल ने भी संबोधित किया. आभार बिनोद ठाकुर ने माना. बैठक में अरबिंद चौबे, श्यामकांत तिवारी, बीडी गुडेले, एनके श्रीवात्री, सकुन सोनी मौजूद थे.

# लोडिंग वाहन से शराब बरामद

नवभारत न्यूज

**सागर 3 जून. मकरोनिया थाना पुलिस ने अवैध शराब के परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक लोडिंग वाहन से 10 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की है.**

पुलिस की घेराबंदी के दौरान चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया, जिसके बाद मामले ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं. पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक लोडिंग वाहन में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब की खेप ले जाई जा रही है. सूचना मिलते ही मकरोनिया थाना पुलिस सक्रिय हुई और बहेरिया रोड की ओर जाने वाले मार्ग पर निगरानी बढ़ा दी. कुछ देर बाद संदिग्ध वाहन दिखाई दिया, जिसे रोकने का प्रयास किया गया. पुलिस की मौजूदगी भांपते ही चालक वाहन सड़क किनारे छोड़कर भाग निकला. वाहन की तलाशी लेने पर उसके भीतर से 10 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई। शराब के परिवहन से जुड़े आवश्यक दस्तावेज मौके पर उपलब्ध नहीं मिले. इसके बाद पुलिस ने शराब और वाहन को जब्त कर आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया. प्राथमिक जांच में सामने आया है कि वाहन मुख्य शहर क्षेत्र से निकलकर मकरोनिया चौराहे को पार करते हुए बहेरिया रोड की दिशा में जा रहा था. हालांकि यह शराब कहां से लोड की गई थी और इसे किस स्थान पर पहुंचाया जाना था, इसका खुलासा अभी नहीं हो सका है. वाहन पर होटल का नाम लिखा होने के कारण पुलिस अब इस तथ्य की भी जांच कर रही है.

## कंट्रोल रूम स्थापित

**सागर.** ग्रीष्मकाल के दौरान पेयजल व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय के कक्ष क्रमांक-07 में स्थापित कंट्रोल रूम हेतु विभिन्न कर्मचारियों की ड्यूटी आगामी आदेश तक निर्धारित की गई है. कंट्रोल रूम में तीन शिफ्टों में कर्मचारियों की तैनाती की गई है. प्रथम शिफ्ट प्रात: 8 बजे से दोपहर 4 बजे तक, द्वितीय शिफ्ट दोपहर 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक तथा तृतीय शिफ्ट रात्रि 12 बजे से प्रात: 8 बजे तक संचालित होगी। आदेश में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं नगरपालिकाओं के कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है. कलेक्टर द्वारा निर्देश दिए गए हैं पेयजल संबंधी शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए.

# बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर हुई चर्चा

नवभारत न्यूज

**सागर 3 जून. भाजपा नगर मंडल एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर मंडल की मासिक बैठकों का आयोजन हुआ.**

इस दौरान संगठनात्मक विषयों, आगामी कार्यक्रमों, संगठन विस्तार तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने को लेकर चर्चा की गई. विधायक श्री जैन ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्रवादी विचारधारा से प्रेरित एक जनआंदोलन है, जो सदैव राष्ट्रहित और जनहित के कार्यों में समर्पित भाव से कार्य करता है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं का समर्पण ही भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति है तथा यही भाजपा की निरंतर



सफलता का आधार है. विधायक जैन ने सभी पदाधिकारियों की औपचारिक उपस्थिति लेते हुए उनसे उनके दायित्वों एवं संगठनात्मक कार्यों की जानकारी प्राप्त की. उन्होंने मंडलों में माहभर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा की तथा आगामी आयोजनों की रूपरेखा पर चर्चा की. उन्होंने 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस, 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपीं. बैठकों में भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, ननि अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, जगन्नाथ गुरैया, मनीष चौबे, विक्रम सोनी, अमित बैसाखियां, नीलम अहिरवार, नितिन सोनी, शारदा कोरी आदि मौजूद थे.

# पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित



नवभारत न्यूज

**सागर 3 जून. एकता समिति ने फिल्म जगत के शो मेन राजकपूर की 38वीं पुण्यतिथि पर गीत-संगीत द्वारा याद कर नमन किया.**

कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवक्रमार भीमसरिया ने की. विशेष अतिथि प्रसिद्ध गायक उमेश समैया थे. एकता समिति के सर्वधर्म चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित प्रार्थना की. नवीन मोटवानी ने गीत मेरे मन की गंगा और तेरे मन की जमुना का बोल राधा बोल संगम होगा कि नहीं सुनाया. राजेंद्र सोनी मामा ने सजन रे झूठ मत बोलो खुदा के पास जाना है न,हाथी है ना घोड़ा है वहां पैदल ही जाना. उमेश समैया ने, मेरा जूता है जापानी सर पर लाल टोपी रुसी फिर भी दिल है हिंदुस्तानी गीत गाकर श्रद्धांजलि दी. इस दौरान कमलचंद जैन, शरद गुप्ता, चंपकभाई जैन, संजय शास्त्री, राजकुमार पढ़ेले, अजीत जैन , प्रमोद पटेल, प्रमोद चौरसिया, नवीन जैन ने राजकपूर को याद किया.

# किसान की संदिग्ध हत्या से सनसनी

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 3 जून. थाना जाखलौन क्षेत्र के ग्राम नयागांव निवासी एक किसान का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई.**

मृतक के दोनों हाथों के पंजे कटे होने और शरीर पर कई गंभीर चोटों के निशान मिलने के बाद परिजनों ने गांव के ही चार लोगों पर अपहरण कर हत्या करने का आरोप लगाया है. मामले को लेकर परिजनों और ग्रामीणों ने बुधवार को शहर के घंटाघर चौराहे पर प्रदर्शन कर आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की. ग्राम नयागांव निवासी अनिल झां पुत्र धनीराम ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उनके पिता धनीराम पुत्र हरदास अपने कुएं वाले खेत में लगे आम के पेड़ों की रखवाली कर रहे थे. आरोप है कि गांव के ही गफूर खां, कलामुद्दीन, वाहिद तथा कन्छेदी वहां पहुंचे और आम के पेड़ों पर अपना दावा जताते हुए धनीराम को रखवाली करने से रोकने लगे. शिकायत के अनुसार जब धनीराम और उनके पुत्र अनिल ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी. आरोप है कि उन्होंने कहा कि यदि आम के पेड़ों की रखवाली की गई या फल तोड़े गए तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे. इस संबंध में सूचना गांव के चौकीदार को भी दी गई थी. परिजनों का कहना है कि अनिल अपने पिता को खाना देने खेत पर पहुंचे, लेकिन धनीराम वहां नहीं मिले. थाने में सूचना दी गई और तलाश जारी रही. शिकायतकर्ता का आरोप है कि खोजबीन के दौरान उन्होंने गांव के बाहर एक कुएं के पास कथित रूप से आरोपियों को उनके पिता को मुंह बंद कर जबरन वाहन में ले जाते हुए देखा था, इसी बीच राजघाट बांध के बरदेही क्षेत्र के पास धनीराम का शव मिलने की सूचना मिली थी.

# अनुपस्थित अधिकारियों को नोटिस

नवभारत न्यूज

**सागर 3 जून. जिला स्तरीय पेयजल समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा दो अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया.**

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद खुरई तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रहली को बैठक में बिना पूर्व सूचना अनुपस्थित पाए जाने पर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं. उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्रीमती पाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पेयजल समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। बैठक की सूचना संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार मीडिया के माध्यम से पूर्व में उपलब्ध कराई गई थी, इसके बावजूद दोनों अधिकारी बैठक में उपस्थित नहीं हुए. सूचना पत्र में कहा गया है कि बिना पूर्व सूचना बैठक से अनुपस्थित रहना शासकीय दायित्वों के प्रति उदासीनता एवं शासकीय कार्यों में लापरवाही को प्रदर्शित करता है. दोनों अधिकारियों को नोटिस प्राप्ति से तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं. निर्धारित अवधि में स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में कार्रवाई की जाएगी.

# कूडो चैम्पियनशिप कप में मप्र को तीसरा स्थान

नवभारत न्यूज

**सागर 3 जून. महाराष्ट्र के पुणे स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस बॉयज़ मिलिट्री स्कूल, फुलगांव में आयोजित 4वीं कूडो नेशनल चैम्पियनशिप कप 2026-27 में मध्यप्रदेश ने कुल 45 पदक जीतकर ओवरऑल चैम्पियनशिप में तीसरा स्थान हासिल किया.**

मप्र के खाते में 29 स्वर्ण पदक, 8 रजत पदक एवं 8 कांस्य पदक आए. ओवरऑल चैम्पियनशिप में राजस्थान ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि गुजरात दूसरे स्थान पर रहा. मध्यप्रदेश ने तीसरे स्थान पर रहकर राज्य का गौरव बढ़ाया.

सागर के खिलाड़ियों ने विभिन्न वर्गों में प्रदर्शन करते हुए कुल 16 पदकों पर कब्जा जमाया, जिसमें 10 स्वर्ण पदक, 4 रजत पदक एवं 2 कांस्य पदक शामिल रहे. सागर टीम की ओर से स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में सोहेल खान, मेघा, वैष्णवी, श्रेया, सारा, दिवि, अमातया, अरकाम, कृष और आर्यन शामिल रहे. इन खिलाड़ियों ने अपने दमदार प्रदर्शन और अनुशासन से राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया. विशेष रूप से सोहेल खान ने प्रतियोगिता में इतिहास रचते हुए मात्र 3 .30 सेकंड में अपने प्रतिद्वंद्वी को नॉकआउट कर भारतीय कॉम्बैट स्पोर्ट्स के सबसे तेज़ नॉकआउट्स में अपना नाम दर्ज कराया. इसके साथ ही उन्होंने लगातार 23वां गोल्ड मेडल जीतकर एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम की।रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में अवनि, आरव, सात्विक और तनिषा शामिल रहे. वहीं कांस्य पदक हर्षिता और अभिथा ने जीतकर सागर टीम की उपलब्धि में अपना योगदान दिया. इसके अतिरिक्त धर्मिष्ठा, मन्नत, युवराज, प्रणिता एवं अवंत्या ने भी प्रतियोगिता में भाग लेकर उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन किया . मध्यप्रदेश टीम ने पुरुष कोच शुभम राठौर एवं महिला कोच मेघा भोजक के मार्गदर्शन में कूडो एसोसिएशन ऑफ मध्यप्रदेश के अध्यक्ष डॉ. मोहम्मद एजाज खान के नेतृत्व एवं संरक्षण में प्रतियोगिता में भाग लिया.